# मासिक अपराध प्रतिवेदन सितम्बर– 2014

माह सितम्बर 2014 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।
राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2013 के माह अगस्त की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता (भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

**(माह सितम्बर 2013, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2014)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2013 | अगस्त 2014 | सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 |
| 1 | हत्या | 162 | 158 | 158 | -4 | 0 | -2.47 | 0.00 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 151 | 152 | 148 | -3 | -4 | -1.99 | -2.63 |
| 3 | डकैती | 5 | 3 | 8 | 3 | 5 | 60.00 | 166.67 |
| 4 | लूट | 111 | 87 | 122 | 11 | 35 | 9.91 | 40.23 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 525 | 445 | 434 | -91 | -11 | -17.33 | -2.47 |
| 6 | बलात्कार | 331 | 333 | 334 | 3 | 1 | 0.91 | 0.30 |
| 9 | बलवा | 27 | 40 | 46 | 19 | 6 | 70.37 | 15.00 |
| 7 | नकबजनी | 611 | 658 | 589 | -22 | -69 | -3.60 | -10.49 |
| 8 | चोरी | 2945 | 2427 | 2685 | -260 | 258 | -8.83 | 10.63 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 13668 | 13676 | 13848 | 180 | 172 | 1.32 | 1.26 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **18536** | **17979** | **18372** | **-164** | **393** | **-0.88** | **2.19** |

वर्ष 2014 में 2012 एवं 2013 की तुलना में माह सितम्बर तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

**वर्ष 2012, 2013 एवं 2014 (माह सितम्बर तक)**

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह सितम्बर तक ) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 |
| 1 | हत्या | 1126 | 1186 | 1232 | 106 | 46 | 9.41 | 3.88 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 1164 | 1283 | 1381 | 217 | 98 | 18.64 | 7.64 |
| 3 | डकैती | 21 | 43 | 52 | 31 | 9 | 147.62 | 20.93 |
| 4 | लूट | 607 | 783 | 1039 | 432 | 256 | 71.17 | 32.69 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 2634 | 3939 | 4448 | 1814 | 509 | 68.87 | 12.92 |
| 6 | बलात्कार | 1596 | 2505 | 2977 | 1381 | 472 | 86.53 | 18.84 |
| 7 | बलवा | 464 | 436 | 442 | -22 | 6 | -4.74 | 1.38 |
| 8 | नकबजनी | 3607 | 4429 | 5043 | 1436 | 614 | 39.81 | 13.86 |
| 9 | चोरी | 17883 | 22027 | 22822 | 4939 | 795 | 27.62 | 3.61 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 104094 | 114202 | 122711 | 18617 | 8509 | 17.88 | 7.45 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **133196** | **150833** | **162147** | **28951** | **11314** | **21.74** | **7.50** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2014 माह सितम्बर तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार है:–

**निस्तारण स्थिति भा.द.स. वर्ष 2014 (माह सितम्बर तक)**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 1232 | 196 | 26.24 | 6 | 202 | 545 | 98.91 | 485 | 39.37 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 1381 | 115 | 11.63 | 25 | 140 | 849 | 97.14 | 392 | 28.39 |
| 3 | डकैती | 52 | 2 | 8.70 | 1 | 3 | 20 | 95.24 | 29 | 55.77 |
| 4 | लूट | 1039 | 39 | 5.03 | 265 | 304 | 472 | 64.04 | 263 | 25.31 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 4448 | 2410 | 71.41 | 52 | 2462 | 913 | 94.61 | 1073 | 24.12 |
| 6 | बलात्कार | 2977 | 962 | 43.91 | 0 | 962 | 1229 | 100.00 | 786 | 26.40 |
| 7 | बलवा | 442 | 84 | 24.93 | 2 | 86 | 251 | 99.21 | 105 | 23.76 |
| 8 | नकबजनी | 5043 | 206 | 4.95 | 2865 | 3071 | 1089 | 27.54 | 883 | 17.51 |
| 9 | चोरी | 22822 | 1097 | 5.49 | 15242 | 16339 | 3651 | 19.32 | 2832 | 12.41 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 122711 | 37773 | 36.72 | 2976 | 40749 | 62105 | 95.43 | 19857 | 16.18 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **162147** | **42884** | **31.66** | **21434** | **64318** | **71124** | **76.84** | **26705** | **16.47** |

○ एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/अदमसबूत।

वर्ष 2013 एवं 2014 (माह सितम्बर तक) में सम्पति सम्बन्धी अपराधों के अदम वकूआ, चालानी एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2013 | 2014 | 2013 | 2014 | 2013 | 2014 |
| 1 | डकैती | 0.00 | 8.70 | 95.45 | 95.24 | 91.81 | 75.39 |
| 2 | लूट | 5.82 | 5.03 | 54.44 | 64.04 | 55.74 | 71.42 |
| 3 | नकबजनी | 4.73 | 4.95 | 26.89 | 27.54 | 33.03 | 33.53 |
| 4 | चोरी | 5.08 | 5.49 | 15.75 | 19.32 | 54.52 | 47.95 |
| **5** | **योग भादसं.** | **30.41** | **31.66** | **76.12** | **76.84** | **54.46** | **49.72** |

भा.द.सं. के तहत माह सितम्बर 2014 में वर्ष 2013 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2014 में माह सितम्बर में नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2013 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह सितम्बर 2013, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2014)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2013 | अगस्त 2014 | सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1054 | 793 | 789 | -265 | -4 | -25.14 | -0.50 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1395 | 979 | 1373 | -22 | 394 | -1.58 | 40.25 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 525 | 340 | 371 | -154 | 31 | -29.33 | 9.12 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 74 | 65 | 53 | -21 | -12 | -28.38 | -18.46 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 35 | 26 | 27 | -8 | 1 | -22.86 | 3.85 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 6 | 17 | 18 | 12 | 1 | 200.00 | 5.88 |
| 7 | अन्य एक्ट | 3140 | 2458 | 2394 | -746 | -64 | -23.76 | -2.60 |
| **8** | **योग** | **6229** | **4678** | **5025** | **-1204** | **347** | **-19.33** | **7.42** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2012, 2013 एवं 2014 (माह सितम्बर तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह सितम्बर तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 10327 | 8627 | 10492 | 165 | 1865 | 1.60 | 21.62 |
| 2 | जुआ एक्ट | 11824 | 11530 | 11828 | 4 | 298 | 0.03 | 2.58 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 3932 | 3769 | 4314 | 382 | 545 | 9.72 | 14.46 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 897 | 737 | 730 | -167 | -7 | -18.62 | -0.95 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 363 | 339 | 383 | 20 | 44 | 5.51 | 12.98 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 188 | 98 | 152 | -36 | 54 | -19.15 | 55.10 |
| 7 | अन्य एक्ट | 27684 | 29210 | 24661 | -3023 | -4549 | -10.92 | -15.57 |
| **8** | **योग** | **55215** | **54310** | **52560** | **-2655** | **-1750** | **-4.81** | **-3.22** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत सितम्बर 2014 में वर्ष 2013 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्रवाई की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थिति स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2014 (माह सितम्बर तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदम वकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 10492 | 9 | 0.09 | 53 | 62 | 9911 | 99.47 | 519 | 4.95 |
| 2 | जुआ एक्ट | 11828 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 11784 | 100.00 | 44 | 0.37 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 4314 | 5 | 0.12 | 10 | 15 | 4031 | 99.75 | 268 | 6.21 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 730 | 2 | 0.36 | 4 | 6 | 554 | 99.28 | 170 | 23.29 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 383 | 3 | 0.85 | 8 | 11 | 341 | 97.71 | 31 | 8.09 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 152 | 11 | 13.41 | 0 | 11 | 71 | 100.00 | 70 | 46.05 |
| 7 | अन्य एक्ट | 24661 | 543 | 2.53 | 8450 | 8993 | 12438 | 59.55 | 3230 | 13.10 |
| **8** | **योग एक्ट** | **52560** | **573** | **1.19** | **8525** | **9098** | **39130** | **82.11** | **4332** | **8.24** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह सितम्बर 2013, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2014)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2013 | अगस्त 2014 | सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 43 | 38 | 38 | -5 | 0 | -11.63 | 0.00 |
| 2 | दहेजआत्महत्या का दुष्प्रेरण | 18 | 16 | 9 | -9 | -7 | -50.00 | -43.75 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 1444 | 1317 | 1410 | -34 | 93 | -2.35 | 7.06 |
| 4 | बलात्कार | 331 | 333 | 334 | 3 | 1 | 0.91 | 0.30 |
| 5 | छेड़छाड़ | 485 | 519 | 577 | 92 | 58 | 18.97 | 11.18 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 394 | 348 | 324 | -70 | -24 | -17.77 | -6.90 |
| 7 | अन्य | 111 | 147 | 124 | 13 | -23 | 11.71 | -15.65 |
| **8** | **कुल योग** | **2826** | **2718** | **2816** | **-10** | **98** | **-0.35** | **3.61** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2012, 2013 एवं 2014 (माह सितम्बर तक)

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह सितम्बर तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 362 | 354 | 324 | -38 | -30 | -10.50 | -8.47 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 122 | 140 | 134 | 12 | -6 | 9.84 | -4.29 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 10857 | 11978 | 12381 | 1524 | 403 | 14.04 | 3.36 |
| 4 | बलात्कार | 1596 | 2505 | 2977 | 1381 | 472 | 86.53 | 18.84 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1845 | 3659 | 4835 | 2990 | 1176 | 162.06 | 32.14 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 2202 | 3219 | 3517 | 1315 | 298 | 59.72 | 9.26 |
| 7 | अन्य | 708 | 972 | 1134 | 426 | 162 | 60.17 | 16.67 |
| **8** | **कुल योग** | **17692** | **22827** | **25302** | **7610** | **2475** | **43.01** | **10.84** |

- महिला अत्याचार के तहत सितम्बर 2014 में वर्ष 2013 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार (वर्ष 2014 माह सितम्बर तक)

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 324 | 63 | 27.51 | 0 | 63 | 166 | 100.00 | 95 | 29.32 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 134 | 27 | 26.21 | 1 | 28 | 75 | 98.68 | 31 | 23.13 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 12381 | 4874 | 48.08 | 0 | 4874 | 5263 | 100.00 | 2244 | 18.12 |
| 4 | बलात्कार | 2977 | 962 | 43.91 | 0 | 962 | 1229 | 100.00 | 786 | 26.40 |
| 5 | छेड़छाड़ | 4835 | 1719 | 40.81 | 8 | 1727 | 2485 | 99.68 | 623 | 12.89 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 3517 | 1849 | 69.91 | 30 | 1879 | 766 | 96.23 | 872 | 24.79 |
| 7 | अन्य अभियोग | 1134 | 346 | 38.75 | 5 | 351 | 542 | 99.09 | 241 | 21.25 |
| **8** | **कुल योग** | **25302** | **9840** | **48.21** | **44** | **9884** | **10526** | **99.58** | **4892** | **19.33** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2013 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति (माह सितम्बर 2013, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2014)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2013 | अगस्त 2014 | सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 |
| 1 | हत्या | 7 | 9 | 5 | -2 | -4 | -28.57 | -44.44 |
| 2 | गम्भीर चोट | 9 | 10 | 4 | -5 | -6 | -55.56 | -60.00 |
| 3 | बलात्कार | 28 | 42 | 28 | 0 | -14 | 0.00 | -33.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 2 | 1 | 1 | -1 | 100.00 | -50.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 551 | 569 | 598 | 47 | 29 | 8.53 | 5.10 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 6 | 11 | 8 | 2 | -3 | 33.33 | -27.27 |
| **8** | **कुल योग** | **601** | **643** | **644** | **43** | **1** | **7.15** | **0.16** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति वर्ष 2012, 2013 एवं 2014 (माह सितम्बर तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह सितम्बर तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 |
| 1 | हत्या | 48 | 57 | 61 | 13 | 4 | 27.08 | 7.02 |
| 2 | गम्भीर चोट | 47 | 52 | 58 | 11 | 6 | 23.40 | 11.54 |
| 3 | बलात्कार | 156 | 229 | 275 | 119 | 46 | 76.28 | 20.09 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 26 | 17 | 13 | -13 | -4 | -50.00 | -23.53 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 3907 | 4597 | 4697 | 790 | 100 | 20.22 | 2.18 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 79 | 91 | 69 | -10 | -22 | -12.66 | -24.18 |
| **8** | **कुल योग** | **4263** | **5043** | **5173** | **910** | **130** | **21.35** | **2.58** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह सितम्बर 2014 में वर्ष 2013 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति अनुसूचित जाति अत्याचार, वर्ष 2014 (माह सितम्बर तक)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 61 | 13 | 38.24 | 0 | 13 | 21 | 100.00 | 27 | 44.26 |
| 2 | गम्भीर चोट | 58 | 9 | 21.95 | 0 | 9 | 32 | 100.00 | 17 | 29.31 |
| 3 | बलात्कार | 275 | 86 | 40.95 | 0 | 86 | 124 | 100.00 | 65 | 23.64 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 13 | 4 | 50.00 | 0 | 4 | 4 | 100.00 | 5 | 38.46 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 4697 | 2159 | 62.20 | 3 | 2162 | 1309 | 99.77 | 1226 | 26.10 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 69 | 36 | 72.00 | 0 | 36 | 14 | 100.00 | 19 | 27.54 |
| **8** | **कुल योग** | **5173** | **2307** | **60.49** | **3** | **2310** | **1504** | **99.80** | **1359** | **26.27** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, अगस्त 2014 एवं माह सितम्बर 2013 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह सितम्बर 2013, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2014)

| क सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2013 | अगस्त 2014 | सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 | सितम्बर 2013 से सितम्बर 2014 | अगस्त 2014 से सितम्बर 2014 |
| 1 | हत्या | 0 | 2 | 1 | 1 | -1 | 100.00 | -50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0.00 | 100.00 |
| 3 | बलात्कार | 9 | 9 | 8 | -1 | -1 | -11.11 | -11.11 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 100.00 | 100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 133 | 138 | 131 | -2 | -7 | -1.50 | -5.07 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 2 | 5 | 1 | -1 | -4 | -50.00 | -80.00 |
| **8** | **कुल योग** | **145** | **154** | **143** | **-2** | **-11** | **-1.38** | **-7.14** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2012, 2013 एवं 2014 (माह सितम्बर तक)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह सितम्बर तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2012 | 2013 | 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 | 2012 से 2014 | 2013 से 2014 |
| 1 | हत्या | 12 | 14 | 19 | 7 | 5 | 58.33 | 35.71 |
| 2 | गम्भीर चोट | 14 | 12 | 13 | -1 | 1 | -7.14 | 8.33 |
| 3 | बलात्कार | 48 | 72 | 60 | 12 | -12 | 25.00 | -16.67 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 66.67 | 25.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 941 | 1146 | 1147 | 206 | 1 | 21.89 | 0.09 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 23 | 16 | 19 | -4 | 3 | -17.39 | 18.75 |
| **8** | **कुल योग** | **1041** | **1264** | **1263** | **222** | **-1** | **21.33** | **-0.08** |

### निस्तारण स्थिति अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्ष 2014 (माह सितम्बर तक)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 19 | 1 | 7.14 | 0 | 1 | 13 | 100.00 | 5 | 26.32 |
| 2 | गम्भीर चोट | 13 | 1 | 10.00 | 0 | 1 | 9 | 100.00 | 3 | 23.08 |
| 3 | बलात्कार | 60 | 11 | 25.58 | 0 | 11 | 32 | 100.00 | 17 | 28.33 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 5 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 3 | 100.00 | 2 | 40.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 1147 | 534 | 66.09 | 1 | 535 | 273 | 99.64 | 339 | 29.56 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 19 | 12 | 80.00 | 0 | 12 | 3 | 100.00 | 4 | 21.05 |
| **8** | **कुल योग** | **1263** | **559** | **62.60** | **1** | **560** | **333** | **99.70** | **370** | **29.30** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह सितम्बर 2014 में वर्ष 2013 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, अगस्त 2014 एवं सितम्बर 2013 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्रवाई की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्रवाई | | | वर्ष में कार्रवाई | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सितम्बर 2013 | अगस्त 2014 | सितम्बर 2014 | वर्ष 2013 | वर्ष 2014 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा / बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 13929 | 17901 | 16784 | 112762 | 154321 | 430439 | 405797 | 12 | 1538 | 23092 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 719 | 497 | 648 | 6344 | 5088 | 5944 | 5935 | 0 | 2 | 7 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 1393 | 2096 | 1822 | 9505 | 19803 | 19803 | 18743 | 0 | 77 | 983 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 32 | 143 | 116 | 328 | 701 | 872 | 563 | 0 | 1 | 308 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 30 | 124 | 37 | 259 | 355 | 877 | 465 | 0 | 9 | 403 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 44 | 54 | 55 | 360 | 408 | 2070 | 1012 | 0 | 5 | 1053 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 17 | 11 | 0 | 0 | 6 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 5942 | 4560 | 4950 | 43846 | 56906 | 59462 | 56783 | 0 | 0 | 2679 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2013 एवं 2014 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2013 | 441 | 381 | 60 |
| 2014 (सितम्बर ) | 293 | 132 | 161 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | **वर्ष** | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2013 (सितम्बर) | 17727 | 7215 | 20975 |
| 2 | 2014 (सितम्बर) | 17766 | 7739 | 21031 |

माह सितम्बर 2014 में कुल 1839 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 1888 एवं गत वर्ष के इसी माह में 1944 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह एवं गत वर्ष के इसी माह की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2014 माह सितम्बर तक कुल 17766 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि में 17727 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 39 (0.22 % ) दुर्घटनाओं की वृद्धि रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

वर्ष 2014 में अब तक 1842 भगौड़े, 64 घोषित अपराधी तथा 14040 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2014 में अब तक 1174 भगौड़े, 218 घोषित अपराधी एवं 9500 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन में तालिका **'ड'** पर है।

# उपलब्धियाँ माह सितम्बर– 2014

**ईनामी अभियुक्तः–**

- दिनांक 03.09.2014 को जिला करौली थाना मासलपुर पुलिस पार्टी ने एक ईनामी डकैत को मय एक कट्टा 315 बोर व एक कारतूस के गिरफ्तार किया। इस बदमाश पर जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर द्वारा 5000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 23.09.2014 को जिला अलवर थाना टहला पुलिस ने अपहरण के अभियोग में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिस पर पुलिस अधीक्षक जिला अलवर द्वारा 5000/–रूपये का ईनाम घोषित था।
- माह सितम्बर 2014 में जिला भरतपुर थाना नगर पुलिस ने दिनांक 07.02.2014 को मारपीट व हत्या के प्रयास के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक ईनामी बदमाश सुरेश गुर्जर को गिरफ्तार किया। इस पर महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर द्वारा 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित था।

**हत्याः–**

- दिनांक 17.09.2014 को जिला झालावाड़ थाना पिडावा पुलिस ने दिनांक 11.09.2014 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर पत्थर बांधकर तालाब में फेकने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान मृतक की शिनाख्त कर एक व्यक्ति को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.09.2014 को जिला कोटा ग्रामीण थाना सिमलिया पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक 85 वर्षीय महिला की घर में घुसकर गला घोटकर हत्या कर व जेवरात चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चुराया गया मालमसरूकान कीमतन 50 हजार रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.09.2014 को जिला धौलपुर थाना बाड़ी पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर उसके कब्जे से 5 लाख रूपये लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से घटना के समय उपयोग में ली गई एक बोलेरो गाड़ी, एक मोटरसाईकिल, 3 मोबाईल, एक कट्टा 315 बोर व लूटी गई राशि में से 2.95 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.09.2014 को जिला सिरोही थाना आबूपर्वत पुलिस ने दिनांक 28.07.2014 को अज्ञात बदमाशान द्वारा अग्नेश्वर मन्दिर के पुजारी व चौकीदार की हत्या कर दान पेटी चुराने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान सूत्र सूचना व कॉल डिटेल के आधार पर एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.09.2014 को जिला गंगानगर थाना गजसिंहपुर पुलिस ने प्रातः 9 बजे खाला में पानी में बहकर आई नवजात शिशु की लाश मिलने पर दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.09.2014 को जिला झालावाड़ थाना गंगधार पुलिस ने दिनांक 18.09.2014 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तलवार से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 व्यक्तियों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**डकैतीः–**

- दिनांक 27.09.2014 को जिला बाड़मेर थाना सदर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों द्वारा ओ0एस0 मोटर्स के शोरूम के अन्दर प्रवेश कर दो चौकीदारों को बन्धक बनाकर सेल्स बैक ऑफिस में रखी आलमारी का ताला तोड़कर पूरे दिन की ब्रिकी से प्राप्त रोकड़ रूपये 73,71,237/–रूपये लूट कर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान संदिग्ध व्यक्तियों से एवं ओ0एस0 मोटर्स के पूर्व कर्मचारियों से गहन पूछताछ व निगरानी के पश्चात 3 अभियुक्तों के कब्जे से क्रमशः 18,12,200, 15,60,500 व 11,40,800/–रूपये अलग–अलग स्थानों से कुल राशि 45,13,500/–रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। शेष तीन अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**लूटः—**

- दिनांक 01.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बाप पुलिस ने वाहन में जाते हुए गौतम ट्रेडिंग कम्पनी के मुनीम को पिस्तौल की नोक पर धमकी देकर 40 लाख रूपये से भरा बैंग व मोबाईल लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से 38,73,000/—रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.09.2014 को जिला झुन्झुनू थाना पिलानी पुलिस ने अभियुक्तों द्वारा एक दुग्ध वाहन को चालक से मारपीट कर पिलानी से अगवा कर एक मोबाइल, एटीएम कार्ड, एक घडी व एक लाख रूपये छीनकर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों के कब्जे से चुराया गया मालमसरूकान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**चोरीः—**

- दिनांक 07.09.2014 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना जमवारामगढ पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विद्युत एलटी लाईन से एल्युमिनियम के तार चोरी करने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों के कब्जे से चुराया गया मालमसरूकान कीमन 2.50 लाख रूपये का सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.09.2014 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा पुलिस ने नेशनल हाईवे 8 ग्राम बावड़ी खेलना में टेंकर से ऑयल चोरी किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चुराया गया मालमसरूकान कीमतन 2.00 लाख रूपये का सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरीः—**

- दिनांक 18.09.2014 को जिला गंगानगर थाना रायसिह नगर पुलिस ने मुलजिम द्वारा बस चोरी किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से चुराई गई बस कीमतन 15.00 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनाक 22.09.2014 को जिला बाड़मेर थाना बालोतरा पुलिस ने दिनांक 20.07.2014 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बोलेरो गाड़ी चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चुराया गया वाहन कीमतन 8 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः—**

- दिनांक 01.09.2014 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना चन्दवाजी पुलिस ने दिनांक 31.08.2014 को मोटर पार्टस की चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 4 अभियुक्तों के कब्जे से चुराये गये मोटर पार्टस के उपकरण कीमतन 3.00 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.09.2014 को जिला बांसवाड़ा थाना पाटन पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकान का दरवाजा तोड़कर दुकान से मोबाईल, कैमरे, नकदी व चॉदी का सामान कीमतन 3.80 लाख रूपये के चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से चुराया गया माल मसरूकान 3.80 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.09.2014 को जिला बारां थाना अन्ता पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सामान 1.65 लाख रूपये नकद, लाईसेन्स शुदा 32 बोर पिस्टल व 132 ग्राम सोने के जेवरात आदि चोरी कीमतन 6.50 लाख रूपये के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चुराया गया माल मसरूकान 5.00 लाख बरमद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः—**

- दिनांक 01.09.2014 को जिला झुन्झुनू थाना चिड़ावा पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 37 कार्टून उच्च स्तरीय अंग्रेजी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.09.2014 को जिला अजमेर थाना नसीराबाद सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 780 पेटी अंग्रेजी शराब कीमतन 30 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बाप पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 1353 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 10 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.09.2014 को जिला जालोर थाना सांचोर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 170 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बाप पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से 1500 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 11 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.09.2014 को जिला अजमेर थाना विजयनगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 647 पेटी अंग्रेजी शराब कीमतन 25 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना खेडापा पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से 1172 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 13 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बाप पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से 1025 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 7 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.09.2014 को जिला जालोर थाना चितलवाना पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 687 कार्टून अंग्रेजी शराब व 880 कार्टून बीयर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.09.2014 को जिला बीकानेर थाना श्रीडूॅगरगढ पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 38400 बोतल अंग्रेजी शराब व 3 हजार बीयर कैन कीमतन 50 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.09.2014 को जिला बीकानेर थाना नाल पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 3576 बोतल, 30624 पव्वे अंग्रेजी शराब व 3552 बीयर कैन कीमतन 50 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.09.2014 को जिला बीकानेर थाना नाल पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 8988 बोतल, 4800 पव्वे अंग्रेजी शराब व 4704 बीयर कैन कीमतन 50 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.09.2014 को जिला अजमेर थाना मांगलियावास पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 1 अभियुक्त के कब्जे से 288 पेटी अंग्रेजी शराब कीमतन 15 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.09.2014 को जिला बीकानेर थाना बिछवाल पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 1600 कार्टून अंग्रेजी शराब कीमतन 40 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 23.09.2014 को जिला जालोर थाना सांचोर पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से 439 कार्टून अंग्रेजी शराब व 156 कार्टून बीयर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.09.2014 को जिला उदयपुर थाना पहाड़ा पुलिस ने ग्राम झाझरी ने एक रिहायसी मकान में 444 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब कीमतन 10.00 लाख रूपये बरामद की व अभियुक्तों की गिरफ्तार के प्रयास जारी है।
- दिनांक 23.09.2014 को जिला सिरोही थाना कोतवाली पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 1147 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद की।
- दिनांक 23.09.2014 को जिला सिरोही थाना पालडी पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 980 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.09.2014 को जिला चूरू थाना भानीपुरा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा दौराने गश्त एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 420 बोतल व 1620 पव्वे अंग्रेजी शराब कीमतन 2.00 लाख रूपये बरामद किया।
- दिनांक 27.09.2014 को जिला बीकानेर थाना नाल पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 2640 बोतल, 38256 पव्वे अंग्रेजी शराब व 4752 बीयर कैन कीमतन 55 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.09.2014 को जिला बीकानेर थाना गजनेर पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 2 अभियुक्तों के कब्जे से 5112 बोतल, 11088 पव्वे अंग्रेजी शराब व 7920 बीयर कैन कीमतन 50 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 29.09.2014 को जिला अजमेर थाना भिनाय पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 252 बोतल अंग्रेजी शराब कीमतन 1.50 लाख रूपये बरामद की अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

राज्य में माह सितम्बर 2014 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 789 प्रकरण दर्ज कर 786 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 187743 बोतल अंग्रेजी शराब, 34655 बोतल देशी शराब 2389 बोतल कच्ची शराब एवं 67183 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2014 माह सितम्बर तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 10492 प्रकरण दर्ज कर 10607 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 1569210 बोतल अंग्रेजी शराब, 205541 बोतल देशी शराब 47009 बोतल कच्ची शराब एवं 498212 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः—**

- दिनांक 02.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना औसियां पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 15.600 किलोग्राम अवैध अफीम का दूध कीमतन 10 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.09.2014 को जिला झालावाड़ थाना भवानीमण्डी पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी संदेश होने पर एक व्यक्ति के बैग की तलाशी लिये जाने पर पोलिथीन की थैली में 250 ग्राम स्मैक पाये जाने पर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.09.2014 को जिला भरतपुर थाना नगर पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से 20.980 किलोग्राम चरस कीमतन 15.00 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.09.2014 को जिला सिरोही थाना पिण्डवाड़ा पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 416 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।

- दिनाक 19.09.2014 को जिला अजमेर थाना नसीराबाद सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग–अलग तीन कार्रवाई करते हुए तीन रिहायसी मकानों से बन्द कमरों में 228 कट्टों में कुल 9022 किलो ग्राम डोडा पोस्त कीमतन अनुमानित 1.34 करोड़ बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26.09.2014 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रिहायसी कमरा जिसका ताला तोड़कर तलाशी ली गई तो कमरे के अन्दर अवैध 135 ग्राम स्मैक मय तराजू–बांट एवं 1,28,280/–रूपये नकद बरामद किया। अभियुक्त की तलाश जारी है।

राज्य में माह सितम्बर 2014 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 53 प्रकरण दर्ज कर, 61 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.425 कि.ग्राम स्मैक, 0.480 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर, 22.260 कि.ग्रा. चरस, 25.350 कि.ग्रा. अफीम, 83.380 कि0ग्रा0 गांजा व 11152.070 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2014 माह सितम्बर तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 730 प्रकरण दर्ज कर, 858 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 5.187 कि.ग्राम स्मैक, 2.096 कि. ग्राम ब्राउन शुगर, 0.021 कि.ग्राम. हेरोईन, 24.672 किग्रा. चरस, 210.943 कि.ग्रा. अफीम, 397.921 कि0ग्रा0 गांजा व 76009.930 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**<u>अवैध हथियार :–</u>**

राज्य में माह सितम्बर 2014 में आर्म्स एक्ट के तहत 371 प्रकरण दर्ज कर 385 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 17 बन्दूकें, 71 रिवाल्वर/कट्टे, 127 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2014 माह सितम्बर तक आर्म्स एक्ट के तहत 4314 प्रकरण दर्ज कर 4456 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 196 बन्दूकें, 769 रिवाल्वर/कट्टे, 1685 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**<u>अवैध विस्फोटक :–</u>**

- दिनांक 02.09.2014 को जिला बारां थाना अन्ता पुलिस ने 2 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध विस्फोटक सामग्री 40 नग जिलेटिन, 8 नग फ्यूज, 10 नग डेटोनेटर एवं एक टेक्टर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.09.2014 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना मतोड़ा पुलिस ने इंदो का बास में अवैध विस्फोटक फैक्ट्री संचालक के कब्जे से 2.50 लाख रूपये का विस्फोटक सामग्री बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.09.2014 को जिला भरतपुर थाना चिकसाना पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन करते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से 3 हजार डेटोनेटर मय गाड़ी के बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह सितम्बर 2014 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 27 प्रकरण दर्ज कर 30 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 1429 जिलेटिन, 5427 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2014 माह सितम्बर तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 383 प्रकरण दर्ज कर 383 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 178463 जिलेटिन, 38638 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**<u>जुआ/सट्टाः–</u>**

- दिनांक 13.09.2014 को जिला करौली थाना महावीरजी पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 9 अभियुक्तों के कब्जे से 1,75,679/—रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.09.2014 को जिला सिरोही थाना आबूरोड़ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक होटल के बन्द कमरे में जुआ खेलते हुए 20 अभियुक्तों के कब्जे से 1,38,505/—रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.9.2014 को जिला अलवर थाना खेड़ली पुलिस ने वृत्ताधिकारी ग्रामीण व वृत्ताधिकारी यातायात के नेतृत्व में गर्जर मोहल्ला कस्बा खेड़ली के एक मकान में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से 7 मोबाईल फोन, एक केलकूलेटर, दो टाटा स्काई रिसिवर, 8 मोबाई चार्जर, दो टीवी रिमोट, एक एलईडी, 3 मोटरसाईकिले, एक कार एवं 127100/—रूपयें नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह सितम्बर 2014 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1373 प्रकरण दर्ज कर, 2795 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 53 लाख 44 हजार 952 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2014 माह सितम्बर तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 11828 प्रकरण दर्ज कर, 23136 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 2 करोड़ 75 लाख 14 हजार 968 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।